न्यायालय उपखण्ड अधिकारी एवं मजिस्ट्रेट मांगरोल ज़िला बारां

प्रकरण सख्या : 19/2017

अनिता बाई पत्नि नंदकिशोर जाति धाकड निवासी बमोरीकलां तहसील मांगरोल जिला बारां ....वादीया

♠ बनाम ♠

1. ललता बाई पत्नि दीनदयाल जाति धाकड निवासी बमोरीकलां तहसील मांगरोल
2. महेश पुत्र जीवनलाल जाति धाकड निवासी बमोरीकलां तह0 मांगरोल
3. मदनमोहन पुत्र भैरूलाल जाति धाकड निवासी बमोरीकलां तह0 मांगरोल
4. राजस्थान सरकार जर्ये तहसीलदार मांगरोल जिला बारां (राज0)

....प्रतिवादीगण

सत्यमेव जयते

Web Copy - Not Official

वाद वास्ते विभाजन अंतर्गत धारा 53, 188 आर0टी0एक्ट0

पीठासीन अधिकारी : श्री प्रमोद कुमार सिंधव (आरएएस)

वकील वादी : श्री बुद्धि प्रकाश मालव

निर्णय दिनांक : 21.06.2018

दायरा दिनांकः 30.05.2017

प्रकरण में न्यायालय उपखण्ड अधिकारी एवं मजिस्ट्रेट मांगरोल द्वारा सुनाये गये निर्णय व प्राथमिक डिक्री दिनांक 28.05.2018 की पालना में तहसीलदार मांगरोल (लैण्ड होल्डर) द्वारा वादिया व प्रतिवादीगण कम 1 ता 3 के मध्य ग्राम बमोरीकलां तह0 मांगरोल की आराजी खाता संख्या 531 खसरा नं0 1441/2539 रकबा 0.80 है0 का बंटवारा प्रस्ताव पत्र कमांक भू0अ0/2018/7 दिनांक 21.06.2018 से प्रस्तुत किया। बंटवारा प्रस्ताव निम्नानुसार हैः–

01. अनिता बाई पत्नि नंदकिशोर जाति धाकड निवासी बमोरीकलां के खाते में खसरा नं0 1441/2539 रकबा 0.40 है0 दक्षिणी किस्म नहरी प्रथम लगान रू0 12.80/– दर्ज की जावे।
02. ललता बाई पत्नि दीनदयाल हिस्सा 3/5 महेश कुमार पुत्र जीवनलाल हिस्सा 1/5 मदनमोहन पुत्र भैरूलाल हिस्सा 1/5 जाति धाकड निवासी बमोरीकलां के खाते में खसरा नं0 1441/2539 रकबा 0.40 है0 उत्तरी किस्म नहरी लगान रू0 12.25/– दर्ज की जावें।

अतः तहसीलदार मांगरोल(लैण्ड होल्डर) द्वारा प्रस्तुत उक्त बंटवारा प्रस्ताव अनुसार ग्राम बमोरीकलां की आराजी खाता संख्या 531 खसरा नं0 1441/2539 रकबा 0.80 है0 को वादीया व प्रतिवादीगण कम 1 ता 3 के मध्य पृथक–पृथक खाते दर्ज किये जाने के आदेश दिये जाते है। तहसीलदार मांगरोल तदनुसार राजस्व रेकार्ड में अमल दरामद करें। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम होकर दाखिल दफ्तर हो।

निर्णय आज दिनांक 21.06.2018 को राजस्व लोक अदालत न्याय आपके द्वार कोर्ट केम्प बमोरीकलां